तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 8 दिसंबर 2025

11 खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जीत हार से आगे बढ़कर...

12 राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

खबर संक्षेप

ग्रामों में रात्रिकालीन फाइलेरिया जांच शिविर का आयोजन

मैनपुर। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के ग्रामों में इन दिनो रात्रिकालिन फालेरिया जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम के तहत विकासखंड मैनपुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर देहारगुड़ा मे खंड चिकित्सा अधिकारी मैनपुर के आदेशानुसार देहारगुड़ा मे जाकर (9 से 14 वर्ष के बच्चों का) मैनपुर स्वास्थ्य टीम द्वारा रात्रिकालिन माइक्रो फाइलेरिया सर्वे किया गया जिसमें 50 बच्चों का एम एल टी द्वारा रेंडम स्लाइड बनाया गया। रात के समय आमतौर पर रात 10 बजे से सुबह 2 बजे के बीच रक्त प्रवाह सबसे अधिक सक्रिय होते है इसलिए इस शिविर का आयोजन रात में किया जा रहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से यीशु पटेल, केएल दीवान, मोहन प्रसाद साहू, परमेश्वर नागेश, रूपा मेरी, तुलसीदास मानिकपुरी, दुलेश्वरी पटेल, डिगेश साण्डिल्य, लता मरकाम, शांति मरकाम, गुणोबाई ओटी, सरपंच महेश दीवान, चमरूराम, लोकें, डिगेश्वरी साण्डे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

अग्निवीर जयंत का धवलपुर में गाजे-बाजे के साथ स्वागत

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 10कि.मी. दूर गाम धवलपुर में जयंत यादव का अग्नीवीर की ट्रेनिंग के बाद प्रथम गृह ग्राम धवलपुर पहुचने पर यादव समाज एव समस्त ग्रामवासी क्षेत्रवासी ने तिरंगा चौक धवलपुर पहुँचकर बैड बाजा के साथ जबरदस्त स्वागत किया गया। अग्निवीर जयंत यादव ट्रेंनिग पूरा कर गांव में पहुंचे उनका जोरदार स्वागत किया गया और फूलमाला से लाद दिया गया इस दौरान दुलारीन बाई यादव मुरलीधर यादव महासचिव यशवंत यादव यादव समाज अध्यक्ष धवलपुर सर्कल रामसिग यादव, सर्कल सचिव खुरसू यादव कोषाध्यक्ष लेखू यादव ,बजरंग यादव, भूवन यादव, सरपंच धवलपुर श्रीमति तुलसी ध्रुव , लखन गीरीगोस्वामी, हेमलाल बारले शिक्षक टी के देवसर पात्र सर श्री अयोध्यावासी एवं बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

कोमा से पिपरछेड़ी सड़क निर्माण का राजिम विधायक रोहित साहू ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधायक रोहित साहू ने कोमा से पिपरछेड़ी तक बनने वाले 3 किमी चौड़ी सड़क निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान वे मौके पर पहुंचकर निर्माण की गुणवत्ता, लंबाई, चौड़ाई, मटेरियल तथा कार्य की प्रगति की बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक श्री साहू ने कहा कि यह सड़क वर्षों से जर्जर अवस्था में है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा था। अब इस सड़क के बन जाने से कोमा-पिपरछेड़ी सहित आसपास के कई गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, साथ ही व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी सुगम होगा। यह सड़क निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है जिसकी कुल लंबाई 3 किमी है। इसे गांव के मध्य में सीसी तथा आगे डामर बिछाकर बनाया जाएगा जिससे इसकी मजबूती व टिकाऊपन लंबे समय तक बना रहेगा। सड़क निर्माण कार्य को लेकर दोनो गांव तथा आसपास के तमाम जुड़े हुए गांव के लोगो में काफी उत्साह का वातावरण है क्योंकि गढ्ढेनुमा सड़क में चल-चलकर ग्रामीण दशको से परेशान हो गए थे।

ग्रामीणों को जल्द मिलेगी जर्जर सड़क से राहत, विकास कार्यों में आएगी गति

लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : विधायक साहू

निरीक्षण के दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि पिपरछेड़ी मेरा गृह ग्राम है और यहां के विकास को लेकर मैं व्यक्तिगत रूप से संवेदनशील हूं। सड़क जैसी मूलभूत सुविधा ग्रामीण जीवन की रीढ़ है। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण में मानक सामग्री का ही उपयोग किया जाए तथा समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान गांव के सरपंच-सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, जनपद सदस्य, पंचगण, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ मनीष साहू,इंजीनियर माधव देवांगन तथा ठेकेदार और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। चौड़े और अच्छे सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने विधायक रोहित साहू के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वर्षों पुरानी मांग अब जाकर पूरी हो रही है। इसीलिए गांव के बेटा को हम लोगो ने विधायक बनाया है।

समस्या : किसान औने-पौने दाम पर मक्का बेचने मजबूर

समर्थन मूल्य में मक्का खरीदी प्रारंभ नहीं होने से किसान हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र में हजारो हेक्टेयर में बडी तादात पर किसानों के द्वारा मक्का की फसल पिछले कई वर्षा से लिया जा रहा है, छत्तीसगढ शासन द्वारा धान खरीदी के साथ ही मक्का खरीदी प्रारंभ किया जाता था लेकिन इस वर्ष अब तक समर्थन मूल्य में मक्का खरीदी को लेकर कोई तैयारी नजर नही आ रही है।

- मक्का समर्थन मूल्य में खरीदी को लेकर किसानों ने दी उग्र आन्दोलन की चेतावनी

मैनपुर देवभोग क्षेत्र में अब तक मक्का की समर्थन मूल्य पर खरीदी नही किये जाने से क्षेत्र के सैकडो किसान परेशान है, और लगातार सहकारी सोसाईटियों का ▶▶|शेष पेज 11 पर

क्या कहते है शाखा प्रबंधक

मैनपुर शाखा प्रबंधक एन के दाउ ने बताया अभी तक कोई दिशा निर्देश नही आया है दिशा निर्देष आने के बाद ही कुछ बता पाउंगा।

मैनपुर देवभोग क्षेत्र के मक्का की मांग कनाडा, आस्ट्रेलिया और बांग्लादेश तक

मैनपुर और देवभोग क्षेत्र के मक्का को बेहतर और क्वालिटी वाला मक्का माना जाता है इसलिए इस क्षेत्र की मक्का के मांग खासकर कनाडा, आस्ट्रेरलिया और बांग्लादेश में अधिक होती है, यहा से मक्का ओडिसा केसिंगा होते हुए अन्य देशो में पहुचाये जाते है, मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के शोभा, गौरगांव, कुचेंगा, भुतबेड़ा, कोकड़ी, साहेबिनकछार, जांगड़ा, जुंगाड, पथर्री,ठेमली, तौरेंगा, इंदागांव, अड़गड़ी, बुड़गेलटप्पा ,कोकडी, अडगडी,डुमाघाट, फरसरा, धारनीधोडा, धनोरा, छैलडोंगरी, काण्डेकेला, खजुरपदर,अमाड,एवं देवभोग क्षेत्र के गांव –गांव मे मक्का की सबसे ज्यादा उत्पादन किया जाता है और मक्का के बीज तक किसान ओडिसा प्रदेश से खरीदकर लाते है, मैनपुर क्षेत्र मे आज से डेढ़ दशक पहले तक किसान सिर्फ धान की खेती पर जोर देते थे लेकिन अब किसान मक्का की खेती जमकर कर रहे है इसके पीछे एक कारण शासन फसल परिवर्तन के लिए जहां जोर दिया है वही मक्का से मिलने वाली आमदनी से कई किसानो के तकदीर और तस्वीर भी बदली है।

ओडिशा सीमा पर पुलिस ने 400 कट्टा अवैध धान जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिला के मैनपुर देवभोग क्षेत्र के ओड़िसा बार्डर पर धान तस्करी रोकथाम के लिए चल रही विशेष निगरानी एक बार फिर रंग लाई है अवैध रूप से खापा रहे 400 कट्टा धान को ट्रक सहित आवश्यक कार्यवाही हेतु पुलिस द्वारा उड़ीसा के चांदाहांडी थाने को किया गया सुपुर्द। छत्तीसगढ़–ओडिशा बार्डर पर धान तस्करी रोकथाम हेतु जिला पुलिस द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी सतर्कता के तहत थाना देवभोग को सूचना मिला कि उड़ीसा के चांदाहांडी थाने के ग्राम जामलीपारा सीजी बॉर्डर से 500 मीटर दूरी पर ट्रक से अवैध रूप से धान डंप कर रखा है।

उक्त धान को पिकअप से छत्तीसगढ़ में खपाने की सूचना मिला था। उक्त सूचना पर देवभोग पुलिस टीम मुखबिर से बताए हुए घटना स्थल पहुंचने ही वाले थे, तभी धान के अवैध परिवहन एवं बिक्री कर्ताओं को पुलिस का पता चलने पर धान से भरे ट्रक को घुमाकर चांदाहांडी के आस पास धान को खाली कर रहे थे। देवभोग पुलिस टीम द्वारा इसकी सूचना चांदाहंडी पुलिस और चांदाहांडी फूड सप्लाई ऑफिसर को बुलवाकर लिखित प्रतिवेदन दिया गया। 400 कट्टी अवैध धान को आवश्यक कार्यवाही हेतु चांदाहांडी पुलिस को सुपुर्द किया गया यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा।

रसोई में लगी आग, घर का पूरा सामान और मोटर सायकिल जलकर हुआ खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सरनाबाहाल के आश्रित ग्राम पलसापारा का है जहां अचानक लगी आग से एक परिवार की रोजमर्रा की जरूरत की अधिकांश सामग्री जलकर नष्ट हो गई। रविवार दिन के दोपहर को ग्राम निवासी लिआ खोऊ ध्रुव के घर की रसोई में अचानक आग भड़क उठी। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है, परंतु घटना ने पूरे गांव को दहला दिया।

- ग्रामीणों की तत्परता से बड़ा हादसा टला, किसी को नहीं हुआ चोट

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रसोई से अचानक उठी आग की लपटें देखते ही देखते तेज हो गईं। आग की भयावहता इतनी थी कि रसोई में रखे बर्तन, अनाज, तेल, मसाले, कपड़े सहित अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर राख हो गए। वहीं, रसोई के ठीक सामने घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई।

आग लगने का कारण अज्ञात

घटना के समय घर के सदस्य पास ही मौजूद थे। धुआं और आग की तेज लपटें देखकर परिवार ने तत्काल शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की तत्परता और समझदारी से आग को दूसरे कमरों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सौभाग्य से इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार की मानवीय क्षति नहीं हुई। आग किस कारण लगी — यह सवाल अब भी अनुत्तरित है। पीड़ित लिआ खोऊ ध्रुव का कहना है,रसोई में आग कैसे लगी, हमें बिल्कुल पता नहीं चल पाया। लेकिन रसोई के सामने पराली का ढेर पड़ा हुआ था। अचानक धुआं उठता देख बाहर भागे, तब तक रसोई का सामान जलना शुरू हो चुका था। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कुछ ही देर और हो जाती तो आग घर के अन्य हिस्सों तक फैल सकती थी, जिससे गंभीर नुकसान की आशंका थी। घटना की सूचना स्थानीय पंचायत और संबंधित अधिकारियों को दि जाएगी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्परता से सहायता प्रदान करने की मांग की है।गांव में इस दुर्घटना के बाद सतर्कता बढ़ाने और रसोई में सुरक्षा उपाय अपनाने को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। लोग गैस सिलेंडर, चूल्हे और विद्युत उपकरणों की समय–समय पर जांच करने की अपील कर रहे हैं।

ग्रामवासियों ने ट्रस्ट की पारदर्शिता पर उठाए सवाल

छुरा महादेव मंदिर ट्रस्ट: भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच नया सर्वराकार नियुक्ति की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

छुरा विकास खण्ड के ग्राम हरदी (छुरा) के महादेव मंदिर समिति ट्रस्ट के पर्याप्त भ्रष्टाचार के कारण गत पांच वर्षों का आय-व्यय के जांच व वर्तमान समिति को भंगकर नया चुनाव कराने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिले के कलेक्टर एसडीएम तहसीलदार सहित छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए गए सुसान शिविर में भी आवेदन समस्त ग्रामवासी एवं चेतन लाल यादव, होरीलाल, घासी राम,कृष्णा यादव,सालिक, उमराव,रोहन कुमार,चेमन, राजनंदनी साहू,डिगेद्र साहू, पुर्णिमा साहू, नोखेलाल, चंद्रहास सिन्हा, मुकेश, हिरामन,तनुजा,कृसन थानूराम हेमुराम चिरंजीव आदि समस्त ग्रामवासीयों ने छ.ग. प्रांत के गरियाबंद जिला अंतर्गत आदिवासी विकासखण्ड

- मुख्यमंत्री और कलेक्टर को आवेदन, पुराने समिति को भंग करने की अपील

छुरा के ग्राम हरदी (छुरा) में उपर्युक्त विषयांकित महादेव मंदिर समिति ट्रस्ट स्थित है। इस महादेव मंदिर ट्रस्ट समिति हरदी (छुरा) के स्थापना प्राचीन छुरा जमींदारी के जमींदार स्व. भोगेन्द्र शाह की धर्मपत्नि श्रीमती रानी चित्रकुमारी (हरदी छुरा) ने आज से लगभग 40 से अधिक वर्ष पूर्व की थी, तथा इस ट्रस्ट के नाम अपने मालिकाना हक की लगभग 40 एकड जमींन दान स्वरूप देकर इस ट्रस्ट के नाम रजिस्ट्री की थी। रानी चित्रकुमारी देवी ने कामना की थी कि ट्रस्ट को इस जमींन से होने वाली आय से गरीब आदिवासी व अन्य कमजोर तक के जरूरत मंद लोगों की सेवा की जाये व ग्राम-हरदी (छुरा) के स्थित महोदव मंदिर का नियमित ▶▶|शेष पेज 11 पर

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

रायपुर संस्करण - 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

खबर संक्षेप

74 ग्रापं में मनाया गया मनरेगा दिवस

मैनपुर। महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत विकासखंड की 74 ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच सचिव रोजगार सहायक मेट एवं मनरेगा जॉब कार्ड धारी उपस्थित हुए। मनरेगा अंतर्गत प्रत्येक माह की 7 तारीख को ग्राम पंचायत एवं मनरेगा कार्य स्थल पर रोजगार दिवस का नियमित आयोजन किया जाता है। जिसमें श्रमिकों को मजदूरी भुगतान, कार्य किये गए मानव दिवस की संख्या, आधार आधारित भुगतान प्रणाली, हितग्राही मूलक कार्यों की स्वीकृति के बारे में जानकारी दी जाती है। दिसंबर माह की 7 तारीख को आयोजित हुए रोजगार दिवस में हितग्राहियों को मनरेगा में पारदर्शिता लाने के लिए निर्मित किए गए क्यूआर कोड को ज्यादा से ज्यादा स्कैनिंग करवाया गया। साथ ही साथ आजीविका से मजबूत करने के लिए आजीविका डबरी के बारे में समस्त ग्रामीणों को जानकारी दिया गया।

रकम दोगुना होने के लालच में क्रिकेट एप में खेला जुआ, 15 लाख गंवाए, तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। रकम दोगुना होने के लालच में क्रिकेट एप में ऑनलाइन जुआ खेलकर एक व्यक्ति ने 15 लाख रुपए गंवा दिए। मामले में ऑनलाइन जुआ संचालन करने वाले तीन लोगों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बसना निवासी पुष्पा पुष्टी पति अरूण पुष्टी ने बताया उसके पति अरूण पुष्टी की शहीद वीर नारायण सिंह चौक मेन रोड बसना में डेली नीड्स एवं चाय की दुकान है, जिनका वह सहयोग करती है। उसके पति अरूण पुष्टी ने उसे बताया कि मेरे जान पहचान के बसना निवासी अजीज खान चाय दुकान में आया और बोला कि ऑनलाइन क्रिकेट में पैसा लगाओगे तो ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा। उनके कहने पर अरूण ने शुरू-शुरू में कुछ पैसे दिए। जिस पर जीत गये हो कहकर उन्हें दिये हुए दोगुना पैसा वापस किया। आगे चलकर अजीज खान, आदिल खान, सद्दाम हुसैन उर्फ मोनू व उसके भाई ने अरूण से कहा कि तुम ऑनइन एप में पैसा लगाकर खेलोगे तो ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा और बार-बार ऑनलाइन क्रिकेट मैच में पैसा लगाने के लिए कहनेलगे। जिस पर उसका आरोपियों के बहकावे में आकर उनके बताये हुए टीम का चुनाव करता था, जिस पर वे उसके पति को पैसे भेजने बोलते थे, कुछ समय तक जीत की रकम मेरे पति के खाते में दिये, बाद में तुम हार गये हो कहकर पैसा रख लेते थे। उक्त व्यक्तियों के द्वारा मेरे पति को जीतोगे कहकर बार-बार उन्हें प्रलोभित करते रहे और ऑनलाईन किकेट एप में सट्टा खिला रहे। प्रार्थिया के पति ने उनको रकम देने के लिए फोन पे बिसनेस लोन, क्रेडिट कार्ड (एचडीएफसी बैंक) व पर्सनल लोन के माध्यम से करीबन 8, 70, 000/-रू० लोन भी लिया था, जिसे आरोपियों को उसने दिया। उसके पति ने 09/07/2024 से 19/08/2025 तक करीबन 15 लाख रूपये नगदी एवं फोन पे के माध्यम से आदिल खान व सददाम हुसैन उर्फ मोनू को उनके फोन पे नंबर के माध्यम से क्रिकेट एप में पैसा लगाने दिया।

भाजपा सरकार ने दो साल में ही जनता को किया निराशः सुखचंद बेसरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा के सरकार ने दो साल में ही प्रदेश की जनता को निराश किया है विष्णुदेव साय सरकार की उपलब्धी के नाम पर पिछली सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कराना मात्र है भाजपा सरकार ने जनता के हित में चलाई जाने वाली योजनाओं दुर्भावनापूर्ण बंद किया 400 युनिट बिजली हाफ बंद कर दिया, राजीव मितान योजना, गोधन न्याय योजना, गौठान योजना, बेरोजगारी भत्ता, रीपा योजना, मुख्यमंत्री कर्जमाफी, सिंचाई कर माफी, महिला समूहो को ऋण माफी , नरवा घुरवा बाड़ी योजना, छत्तीसगढ़ ओलंपिक जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं को बंद किया यह सरकार दुर्भावना वाली सरकार है दो साल में विष्णुदेव सरकार पूरी तरह विफल साबित हो गई उक्त बाते जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के नवनियुक्त अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने भाजपा सरकार पर जमकर बरसते हुए कही। मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर में आज कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा जब प्रथम बार पहुंचे तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे के साथ जमकर अतिशबाजी कर रैली निकाल जोरदार स्वागत किया। इस दौरान चारो तरफ भारी उत्साह और कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद के नारे गुंजते रहे। इस अवसर पर आयोजित सभा को आगे संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बेहरा ने कहा कांगेस पाटी द्वारा उन्हे जो जिम्मेदारी दी गई है उसमें पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा और कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही भाजपा सरकार के असफलताओं को गांव गांव तक पहुचायेगे। उन्होने कहा आने वाले समय में क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं को लेकर आन्दोलन किया जायेगा। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने कहा अब हमारे बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बनने से पार्टी और अधिक मजबूत होगी कंगेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ललिता यादव ने कहा कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो गांव गरीब और किसान सभी वर्गो विकास के लिए कार्य करती है।

कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बेसरा का अमलीपदर में गाजे बाजे के साथ स्वागत और सभा का आयोजन



ये हुए शामिल

इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, ब्लाक अध्यक्ष ललिता यादव, सेवन पुजारी, हेमोबाई नागेश, श्रवण, सकपति, गोवर्धन दाउ, हरी यादव, श्याम सिंह पुजारी, दामुधर सोरी, महेश्वर बघेल, पुरशोत्तम सोम, छत्तर यादव, उमेश कुंजाम, पंकज मांझी, निरंजन नागेश, बृजमोहन यादव, गणेश नागेश, तुलाराम मांझी, मणी मोशले, पुरनोबाई मांझी, गौतम यादव, बलियार यादव, पवित्र मरकाम, पुनित राम नागेश, पुरन मरकाम, अनमोल यादव, विनोद यादव, ओमप्रकश जोशी, सीमा सुकला, भुमिकांती मांझी, बासू पटेल, यशवंत मरकाम, सतिश साहू, मेघराज बघेल, एवं बड़ी सख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल थे।

आयोजन : राजेश्री महंत रामसुंदर दास और विधायक रोहित साहू की उपस्थिति में हुआ समारोह

51 कुण्डीय श्रीरामचरित मानस महायज्ञ के लिए अस्थायी यज्ञशाला का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

धर्म और अध्यात्म के प्रमुख केंद्र चतुर्भुज आश्रम सिरकट्टी कुटेना में आगामी 6 से 12 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले 51 कुण्डीय श्रीरामचरित मानस महायज्ञ के लिए अस्थायी यज्ञशाला के निर्माण हेतु रविवार को शुभ मुहूर्त में भूमिपूजन और ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस पुनीत कार्य में पूज्य राजेश्री महंत डॉ रामसुंदर दास ने विशेष रूप से शिरकत की। उनके कर-कमलों द्वारा ही विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ भूमिपूजन और ध्वजारोहण की प्रक्रिया पूरी की गई।

राजेश्री महंत ने इस अवसर पर अपने आशीर्वचनों में कहा कि श्रीरामचरित मानस महायज्ञ का आयोजन लोक-कल्याण और धर्म की स्थापना के लिए किया जा रहा है। यह यज्ञ न केवल वातावरण को शुद्ध करेगा बल्कि जन-जन के हृदय में रामचरित मानस के आदर्शों को भी स्थापित करेगा। उन्होंने सभी भक्तों से यज्ञ में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार मंत्रों की गूंज के बीच भूमिपूजन संपन्न किया गया तथा धार्मिक परंपरा के अनुसार, यज्ञ की सफलता और निर्विघ्न समाप्ति की कामना के साथ धर्म ध्वजा फहराई गई। विधायक रोहित साहू ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह महायज्ञ न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि समाज में सद्भावना और एकता का संदेश भी प्रसारित करेगा। उन्होंने इस विशाल आयोजन के लिए ब्रम्हलीन संत सिया भुनेश्वरी शरण व्यास जी के कृपापात्र संत गोवर्धन शरण महराज के प्रयासों की सराहना की और यज्ञ की सफलता के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

यह आयोजन आध्यात्मिक ऊर्जा का करेगा संचार

उन्होंने आगे कहा कि श्रीरामचरित मानस भारतीय संस्कृति का प्राण है, और 51 कुण्डीय महायज्ञ का यह आयोजन आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेगा। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद अध्यक्ष मगरलोड वीरेंद्र साहू तथा अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। ध्वज के फहरते ही उपस्थित भक्तों ने 'जय श्रीराम' के उद्घोष से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। यह महायज्ञ 07 दिनों तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य विश्व शांति, सद्भाव और सनातन धर्म की महत्ता का प्रचार-प्रसार करना है। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भूमिपूजन के तुरंत बाद अस्थायी यज्ञशाला के निर्माण कार्य को तीव्र गति से शुरू कर दिया जाएगा, ताकि महायज्ञ के विधिवत आरंभ से पहले सभी तैयारियां पूरी की जा सकें। यह 51 कुण्डीय महायज्ञ न केवल इस क्षेत्र के लिए बल्कि समस्त धर्मप्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय और प्रेरणादायक धार्मिक आयोजन साबित होगा। उक्त कार्यक्रम का संचालन भुनेश्वर साहू ने किया।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुधाधारी मठ के महंत राजेश्री डॉ रामसुंदर दास, राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू, संत गोवर्धन शरण महराज,महंत निर्मल दास,जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, नंदनी ओंकार साहू, इंद्रजीत महाड़ीक, जनपद अध्यक्ष मगरलोड वीरेंद्र साहू, जनपद सदस्य छुरा युवराज साहू, टीकम साहू,सरपंच संघ अध्यक्ष फिंगेश्वर हरीश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष छुरा पन्नालाल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में संत-महात्मा और श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति में यह अनुष्ठान संपन्न हुआ।

डूबने से युवक के हुई मौत, गुमशुदा बुजुर्ग की लाश मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

रसेला में रविवार को एक ही दिन दो मर्म क़ायम किया गया। ज्ञात हो कि हिरा सिग पिता बीर सिंह ठाकुर 45 वर्ष ने रसेला के ढोडगा तालाब में डुब कर मौत हो गई। जिसकी सूचना छुरा थाना में देने पर तत्काल थाना प्रभारी के सहित स्टाफ पहुंच कर मर्म क़ायम कर पोस्टमार्टम के लिए छुरा ले जाया गया। पोस्टमार्टम के पश्चात लाश को परिजनों को सौंप गया। परिवार वाले ने बताया कि हिरा सिग को पहले से ही मिर्गी रोगी थे,जो कई बार मिर्गी आ चुका था।

- 0 ढोडगा तालाब में डूबकर 45 वर्षीय मरीजन की मौत, मिर्गी रोग को माना गया

इसी कड़ी में रसेला निवासी गोविंद पिता कवि मांझी 80 वर्ष आज से 10 से 12 दिनों तक घर से बिना बताए चले गए थे, जिसकी गुमशुदगी दर्ज छुरा थाना में किया गया था। आज इसकी परिजनों द्वारा खोजते खोजते कुडेरादादर के सीमा में मिला। ज्ञात हो कि गोविंद मांझी का पहले से दिमागी हालत ठीक नहीं थे। आज करीबन 12 बजे उसकी लाश मिलने पर इसकी सूचना थाना में दी गई। यहां केश पीपरछेडी थाना के क्षेत्र होने पर वहां के थाना प्रभारी और स्टाप मौके पर पहुच कर मर्म क़ायम किया गया। 8 से 10 दिन होने के चलते लाश को जंगली जानवर या कुत्ते कुछ अंग को खा गए थे। उसके परिजनों ने जैसे तैसे पालिथिन में पैक कर गरियाबंद पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया गया। मगर वहां पर लाश की स्थिति को देखते हुए इससे पोस्टमार्टम के लिए रायपुर मेकेहारा के लिए आज सोमवार को रिफर किया जाएगा। जहां वही इसका पोस्टमार्टम होगा। जिला अस्पताल के डा का कहना है कि ऐसी केश का जिला में नहीं रायपुर में पोस्टमार्टम किया जाता है। दोनों घटनाएं का मर्म क़ायम कर पुलिस विवेचना कर रहा है।

70 साल की महिला ने दी उल्लास नवभारत साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

महापरीक्षा अभियान उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 7 दिसंबर को परीक्षा आयोजित की गई।

परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 तक था। जिसके अंतर्गत परीक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार समय पर अपनी उपस्थिति प्रदान कर परीक्षा दिलाई। परीक्षा केंद्र में केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं अनुदेशकों द्वारा परीक्षा उपरांत जांच कर अंक उच्च कार्यालय को प्रेषित किया। संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा द्वारा परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण परीक्षा चलती मिली। उल्हास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 7 दिसंबर को होने वाली परीक्षा के संबंध में संकुल प्राचार्य बी देवांगन एवं संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा द्वारा केंद्राध्यक्ष को उच्च कार्यालय से प्राप्त निर्देश दिए गए थे।

राष्ट्रव्यापी महा परीक्षा अभियान उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत परीक्षा केंद्र दीवना के अंतर्गत 70 साल की बुजुर्ग महिला श्रीमती अमृत बाई यादव ने परीक्षा दिलायी। संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा ने प्रोत्साहन कर बताया कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि साक्षरता होने के लिए 70 साल की बुजुर्ग महिला द्वारा स्वयं होकर सरकार की इस अभियान में शामिल हुई। यह बहुत ही प्रेरणादायक है।

इनकी रही विशेष भूमिका- ग्राम पंचायत सरपंच भूपेंद्र ध्रुव, प्रधान पाठक चेतन ध्रुव, पवनु ध्रुव, गौतम साहू, प्रेरक सरोज ध्रुव,कु. गणेश्वरी ध्रुव आदि ने परीक्षा अभियान को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने महिला प्रदेश अध्यक्ष से सौजन्य भेंट कर उठाए विकास मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखंड तहसील ग्राम अमलीपदर में आज भाजपा जिला मंत्री डॉ. मनीष सिन्हा तथा क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी से उनके निज निवास अमलीपदर में सौजन्य भेंट की।

- श्री सिद्ध शनिदेव मंदिर और बड़े तालाब स्थित शिव मंदिर में स्थायी बिजली की सुविधा की मांग

इस दौरान ग्राम की मूलभूत सुविधाओं और क्षेत्र के चहुँमुखी विकास को लेकर विस्तृत परिचर्चा की गई। इस दौरान डॉ. मनीष सिन्हा एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा अमलीपदर के आध्यात्मिक केंद्र श्री सिद्ध शनिदेव मंदिर एवं बड़े तालाब स्थित शिव मंदिर में स्थायी बिजली की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु औपचारिक ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी जी को सौंपा गया। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों ही धार्मिक स्थलों में अब तक बिजली पोल व लाइन नहीं पहुँच सकी है, जिसके कारण पूजा–आर्चना, धार्मिक कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन में निरंतर असुविधा हो रही है। ज्ञापन प्राप्त करने के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने पूर्ण सहानुभूति व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया।

इस मौके पर डॉ. मनीष सिन्हा (भाजपा जिला मंत्री), पं. कृष्णकांत त्रिपाठी (श्री शनिदेव मंदिर पुजारी), संजय दुबे सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक, पवन अवस्थमिश्रा, ज्ञानू ताम्रकार, विजय निषाद, त्रिभुवन ताम्रकार, सूरज मिश्रा एवं धनेश्वर नागेश सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

50 लाख की लागत से कराया जाएगा निर्माण, शिक्षा राष्ट्र के भविष्य की आधारशिलाः साहू

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के नए भवन का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

नगर पंचायत में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सर्वसुविधायुक्त नए भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन रविवार को राजिम विधायक रोहित साहू ने विधि–विधान के साथ किया। विद्यालय का यह नया भवन भाटापारा वार्ड में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगा।

पूर्व में विद्यालय के प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर अलग-अलग भवनों में संचालित होते थे। जिससे संचालन समिति और विद्यार्थियों को असुविधाएं होती थीं। नए संयुक्त भवन के निर्माण से न केवल सभी कक्षाओं का संचालन एक ही परिसर में होगा, बल्कि शिक्षा क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत भी मानी जा रही है। भूमिपूजन समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा राष्ट्र के भविष्य की आधारशिला है, और यह नया विद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगा, बल्कि विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और मूल्यों का भी विकास करेगा। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर बच्चों में बाल्यकाल से ही सांस्कृतिक संस्कारों का संचार करने वाला संस्था है। विधायक श्री साहू ने बताया कि नया भवन वृहद कक्षाओं, आधुनिक सुविधाओं और खेल मैदान जैसी व्यवस्थाओं से युक्त होगा, जिससे विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास का अवसर मिलेगा। वहीं भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि लक्ष्य इसे क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक केंद्र बनाना है। भवन का निर्माण आगामी शैक्षणिक सत्र से उपयोग हेतु निर्धारित समयसीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। समारोह को क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया गया, जिसने भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी है।

ये रहे उपस्थित- इस अवसर पर राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष तारणी सेन, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, पार्षदगण, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। इनके अलावा कमलेश साहू, नोगेश्वर साहू, कृष्णानंद सेन, दशरथ यादव राजेश साहू दिनेश साहू, उमाशंकर साहू, झामन साहू समेत भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

छात्र- छात्राओं को दिया सुरक्षा, साइबर जागरुकता और नशामुक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ग्राम कौंदकेरा में आयोजित जिला स्तरीय स्काउट-गाइड के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शनिवार को पुलिस द्वारा विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को यातायात सुरक्षा, राहवीर योजना, साइबर फ्रॉड से बचाव और नशा-मुक्ति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक गोपाल वैश्य, जिला स्काउट-गाइड के जिला संयोजक रोमन साहू, यातायात प्रभारी सउनि. रामाधार मरकाम सहित पुलिस टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने स्काउट-गाइड के स्कूली छात्र-छात्राओं को वास्तविक जीवन में उपयोगी सुरक्षा नियमों के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, ओवरस्पीड से बचना और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करना जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही विद्यार्थियों को राहवीर योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाना एक मानवीय कर्तव्य है। इस योजना के अंतर्गत जरुरतमंदों की मदद करने वाले राहवीरों को सरकार द्वारा सम्मानित भी किया जाता है।

खबर संक्षेप

कांग्रेसजनों ने जनक राम का किया स्वागत

सरायपाली। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं बिंद्रा नवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव का सरायपाली आगमन पर रायगढ़ प्रवास के दौरान कुछ देर के लिए नरेंद्र कुमार यादव के निवास में रुके वहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने स्वागत किया इस अवसर पर नरेंद्र कुमार यादव प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग, मोहनलाल भोई जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस महासमुंद कुलदीप ध्रुव प्रदेश महासचिव आदिवासी कांग्रेस, परशु चौहान वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता, राजेंद्र कुमार यादव राजू जिला महामंत्री कांग्रेस पिछला वर्ग विभाग, नवीन देवदास वरिष्ठ कार्यकर्ता, मयंक यादव मोंटी शहर उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस विधानसभा, तुषार यादव सचिव युवा कांग्रेस विधानसभा पी.डी, भोई वरिष्ठ अधिवक्ता, संतोष मिश्रा वरिष्ठ अधिवक्ता, ललित बारमते, ईशान यादव, कोमल यादव, अंबर यादव, सत्यजीत सिदार, चैतन्य सिदार, राजकुमार नेताम पूर्व पार्षद, हर्षु सिदार कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थी।

कुरना विद्यालय के बच्चों को कराया नेवता भोजन

कांकेर। विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम कुरना में सामाजिक सहभागिता और सौहार्द्र का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। ग्राम के ओंकार साहू ने गृह प्रवेश समारोह के अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कुरना के बच्चों को स्नेहपूर्वक नेवता भोजन करवाकर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। इसी क्रम में भगवान दत्तात्रेय जयंती के अवसर पर महानदी वाले बाबा द्वारा विद्यालय के बच्चों को फल वितरण किया। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में सामाजिक मूल्यों का विकास होता है। दोनों ही कार्यक्रम सौहार्द्र, सेवा भाव और सामाजिक एकता के प्रतीक रहे।

रासेयो से सेवा भाव की प्रेरणा मिलती है : सावित्री

भानुप्रतापपुर। शाउमावि भानबेड़ा द्वारा ग्राम भोड़िया में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन अवसर पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने सम्मिलित होकर शिविरार्थी बच्चों एवं ग्रामवासियों को संबोधित की। विधायक सावित्री ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों में सेवा भाव को जागृत करता है। इस अवसर पर सरपंच मधु तेता, जनपद सुनाराम तेता अध्यक्ष, उपाध्यक्ष निर्मला, राजकुमार दर्रो, गणेश सोनी, ग्राम पटेल विजय दर्रो, सुन्दर कांगे, महेन्द्र सिन्हा, समरेश शोरी, जयराम तेता, बिरबल दर्रो, आदि उपस्थित रहे।

डा.आंबेडकर का 70वां निर्वाण दिवस मनाया

चारामा। बौद्ध समाज चारामा द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 70 वां महापरिनिर्वाण दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर भवन से बस स्टैंड स्थित अंबेडकर प्रतिमा तक निकाले गए कैंडल मार्च से हुई, जिसमें उपस्थित लोगों ने जयभीम के नारों के साथ एकता का संदेश दिया। प्रतिमा स्थल पर उपस्थित सदस्यों ने माल्यार्पण कर कैंडल जलाकर बाबा साहेब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

आयोजन : विधावार विजेता खिलाड़ियों को किया गया प्रमाण-पत्र वितरण

विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत आज राजिम विधानसभा अंतर्गत विधानसभा स्तरीय दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ पीएमश्री हिन्दी माध्यम विद्यालय खेल मैदान (क्रीड़ा परिसर) गरियाबंद में उत्साहपूर्ण किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, पार्षद सुरेन्द्र सोनटेके, स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों तथा विधाओं के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

पहले दिन विभिन्न खेलों के लीग और प्रारंभिक मुकाबले आयोजित किए गए। जिसमें से 100 मीटर दौड़ 14-17 बालक वर्ग में वाकेश, बालिका वर्ग में यमुना ध्रुव, 18-20 में बालक वर्ग में सूर्या, बालिका वर्ग में मनिषा साहू एवं 21-24 में बालक वर्ग में राकेश कुमार, 400 मीटर दौड़ 14-17 बालक वर्ग में आयुष यादव, बालिका वर्ग में गायत्री निषाद, 18-20 में बालक वर्ग में पूर्वजीत, बालिका वर्ग में तामेश्वरी एवं 21-24 में बालक वर्ग में छतेश्वर, बालिका वर्ग में यशवंतीन, बैडमिंटन 14-17 बालक वर्ग में राहुल निर्मलकर, बालिका वर्ग में गीतिका, 18-20 में बालक वर्ग में हर्ष वैष्णव, बालिका वर्ग में जिज्ञासा ध्रुव एवं 21-24 में बालक वर्ग में मनीष, बालिका वर्ग में चमेली, गोला फेंक 14-17 बालक वर्ग में गौरव, बालिका वर्ग में लोमेश्वरी, 18-20 में बालक वर्ग में राकेश कुमार, बालिका वर्ग में अनुराधा ध्रुव एवं 21-24 में बालक वर्ग में अर्पण श्रीवास, भाला फेंक 14-17 बालक वर्ग में सचिन पटेल, बालिका वर्ग में विद्यारानी, 18-20 में बालक वर्ग में एकलव्य, एवं 21-24 में बालक वर्ग में ताराचंद सिन्हा, ऊँची कूद 14-17 बालक वर्ग में खेमचंद, बालिका वर्ग में लकेश्वरी, 18-20 में बालक वर्ग में पोखराज, बालिका वर्ग में मनीषा एवं 21-24 में बालक वर्ग में गजराज, लम्बी कूद 14-17 बालक वर्ग में हिरेन्द्र निषाद, बालिका वर्ग में यमुना ध्रुव, 18-20 में बालक वर्ग में सूर्या, बालिका वर्ग में गूंजा एवं 21-24 में बालक वर्ग में मिथलेष साहू, बालिका वर्ग में तिजेश्वरी, गेड़ी दौड़ 14-17 बालक वर्ग में चन्द्रसेन, बालिका वर्ग में योगमाया, 18-20 में बालक वर्ग में युवराज प्रजापति इत्यादि विजेता रहे। इसी अनुक्रम में दलीय खेल खो-खो में 14-19 बालक वर्ग में संकुल (जोन) गरियाबंद एवं बालिका वर्ग में संकुल (जोन) फिंगेश्वर, 19-24 में बालक एवं बालिका वर्ग दोनो में संकुल (जोन) फिंगेश्वर विजेता रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। उक्त विजेता खिलाड़ीगण लोकसभा स्तरीय आयोजन महासमुंद लोकसभा में विधानसभा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इनका रहा विशेष सहयोग

विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के पहले दिवस के आयोजन में धनराज विश्वकर्मा, अमित वखारिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गरियाबंद के.एस. नागेश विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र ध्रुव, श्याम चन्द्राकर, ब्लॉक नोडल गरियाबंद संजीव साहू, गिरीश शर्मा एवं सभी 6 संकुलों के प्रभारी शिक्षक एवं व्यायाम शिक्षक के विशेष सहयोग से सम्पन्न कराया गया।

खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जीत हार से आगे बढ़कर एकता का पाठ सिखाता है : गौरीशंकर कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किमी दूर पैरी स्टेडियम भाठीगढ़ मे दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के समापन और पुरस्कार वितरण में आज रविवार को जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप एवं पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी पहुंचे विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया साथ ही उन्हे प्रमाण पत्र दिया गया इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है ये हमें जीत हार से आगे बढ़कर परिश्रम, समर्पण और एकता का पाठ सिखाते है ऐसे आयोजनो से छात्र–छात्रओं और युवाओं के उर्जा को सही दिशा मिलता है और समाज में सकारात्मकता का संचार होता है।

- पुरस्कार वितरण में पहुंचे पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप

पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा खेलो के प्रति जो उत्साह देखने को मिल रहा है वह अपने आप में एक मिशाल है खेल से न केवल शरीर मजबूत बनते है बल्कि व्यक्तत्वि अनुशासन और टीम भावना को विकसित करते है। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, सरपंच पुष्पा नेगी, एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम, बीईओ महेश पटेल, बीआरसीसी, शिवकुमार नागे, जनपद सदस्य प्रताप मरकाम, मोहित द्विवेदी, खेल नोडल अधिकारी यशवंत बघेल विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान 100मी. दौड़, 400 मी दौड़, गेड़ी दौड़ भाला फेक, गोला फेक, लम्बी कुद, बेडमेंडल, वालीवाल, खो–खो, कब्बड़ी, उंची कुद, लम्बी कुद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से डीएस नागवंशी, डीएस साडिल्य, राजकुमार ध्रुर्वा, मुकेश ठाकुर, दुर्गाचरण कोमर्रा, पवन ठाकुर, आशिफ खान, लोकेश्वर कांसी, शेख इमामुद्दिन, दामोदर नेगी, खन्ना रामटेके, नरेन्द्र पटेल, प्रदिप सिन्हा, सुन्दर कश्यप, लोभान देवदास, ईश्वर कोसमा, पदमनी साण्डिल्य, शालुरानी ठाकुर, रेणुका ठाकुर, हेमलता साहठाकुर, डोमार पटेल, एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

मड़ेली में हुई राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

मुड़ागांव(कोरासी)। ग्राम मड़ेली में विगत दिवस 29 एवं 30 नवम्बर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रथम स्थान बिलासपुर ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान काटीदादर ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान रायगढ़ रहा। चतुर्थ स्थान पर मड़ेली जीत हासिल किया।

प्रथम पुरस्कार पच्चीस हजार रुपए स्व बोधी राम साहू की स्मृति में अरूण कुमार साहू के द्वारा प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार पन्द्रह हजार रुपए सुमन हेचरी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा दिया गया। तृतीय पुरस्कार दस हजार रुपए नीरज कुमार ध्रुव इंजीनियर के द्वारा दिया गया। चतुर्थ पुरस्कार छै हजार रुपए संजय नेताम पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष के द्वारा दिया गया। स्व पुनिया बाई ध्रुव की स्मृति में भारत ध्रुव के द्वारा ट्राफी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीरा वेशनारायण ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा थे। अध्यक्षता अवध राम साहू जनपद सदस्य खड़मा तथा अशोक कुमार ध्रुव सरपंच मड़ेली ने किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य रानीपरतेवा तथा महेन्द्र ध्रुव जनपद सदस्य गायडबरी उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प माल एवं गुलाल के साथ किया गया। मुख्य अतिथि मीरा ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना से ही खेलना चाहिए।हार जीत तो होती ही रहती है। यहां का आयोजन बहुत ही भव्य होता है। यहां के खेल देखने दूर-दूर तक के खेल प्रेमी आते हैं। कार्यक्रम को अवध राम साहू ने भी सम्बोधित किया।खेल प्रतियोगिता में नेशनल खिलाड़ी डिपेंडर रेहान खान तथा संस्कार मिश्रा प्रो कबड्डी प्लेयर आयें हुए थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक कुमार ध्रुव सरपंच, पूर्व खिलाड़ी भागीरथी ठाकुर, गणेश ध्रुव,रमवु निषाद,हुमन ठाकुर,दिनबंधु ठाकुर,डोंगर नेताम,संरक्षक कृपाराम ध्रुव,भंगी राम नेताम,अवध राम ठाकुर, गजेन्द्र ठाकुर, भीखम ठाकुर, जोहत राम सिन्हा ग्रामीण अध्यक्ष ईश्वर निर्मलकर, अध्यक्ष प्रीतम ध्रुव, उपाध्यक्ष पीताम्बर ठाकुर, सचिव रोशन यादव, कोषाध्यक्ष केशव ठाकुर, सहसचिव गजेन्द्र ठाकुर, लोचन ठाकुर, निर्मल ठाकुर, मोहन हेप्पी गुरु दत्ता ,रामकिशन नंदे, देवीसिंह, मदन साहू, गिरधारी सेन,यश कुमार, तेज राम निर्मलकर, भारत ध्रुव, फगनू, भगवानी, सुरेन्द्र, रूद्र ठाकुर, लखन कुर्र, जागेश्वर ध्रुव, गोपी, संजय, टेमन सिन्हा, नीलाम्बर, राहुल, राजा, बालेश्वर, भूषण ठाकुर, वेशनारायण ठाकुर ,पवन मरकाम, योगेश्वर ठाकुर, करण ठाकुर, आदि का सहयोग रहा। विशेष सहयोग सौरभ पेट्रोल पंप, हेमचंद देंवागन संकल्प हास्पिटल, सुमन हेचरीज मड़ेली। इस साल जय छत्तीसगढ़ लाईव प्रसारण यूट्यूब पर खेल दिखाया गया।

नवनियुक्त प्राचार्यों का प्रधान पाठकों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

संकुल केंद्र किरवई के प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों ने संत कवि पवन दीवान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरवई के नवनियुक्त प्राचार्य आलोक शर्मा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसी के नवनियुक्त प्राचार्य नोहर धीवर का पुष्पहार से स्वागत किया । इस अवसर पर नव नियुक्त संकुल प्राचार्य आलोक शर्मा ने कहा कि शिक्षा गुणवत्ता, खेल एवं शाला में मूलभूत सुविधाएं ही उनकी प्राथमिकता है। शाला परिवार के सभी शिक्षक के साथ मिलकर शाला को बहुत आगे बढ़ाने की दिशा में काम करना ही हमारा कर्तव्य होना चाहिए।

संस्था प्रमुख व शिक्षकों से कहा कि आपके नेतृत्व में स्कूल शैक्षणिक प्रदर्शन, सांस्कृतिक गतिविधियों और खेल उपलब्धियों में प्रगति करे तथा स्कूल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में आपकी आवश्यक सहभागिता जरूरी है इस हेतु संकुल प्राचार्य होने के नाते पूरा सहयोग देने की बात कही ।हायर सेकेंडरी स्कूल बोरसी के नव नियुक्त प्राचार्य नोहर धीवर ने कहा कि स्कूल शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में मिल जुलकर कार्य करेंगे। उन्होंने परीक्षा परिणाम में सुधार, अनुशासन मजबूत करने और बच्चों के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही।

ये रहे उपस्थित- नवनियुक्त प्राचार्यों के स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संकुल समन्वयक सूखेन राम साहू, प्रधान पाठक आत्मा राम साहू, खेलन राम साहू, गोप कुमार साहू, गैंद राम साहू, भिखमु र, अजरा बानो, प्रीति नायक, श्याम कुमारी यादव, आशा महोबिया, मीना कुरील, कोमल साहू, हेमंत साहू, मुकेश यादव, दिनेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे ।

आधुनिक उपकरणों से खेती होगी आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, गरियाबंद में ग्रामीण कृषि कार्य अवे)कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा किसानों के लिए आधुनिक कृषि यंत्रें के उपयोग एवं उनके लाभ पर एक जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक (कृषि अभियांत्रिकी), डॉ. अविनाश कुमार गौतम द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने किसानों को विभिन्न प्रमुख कृषि यंत्र— सीड ड्रिल, सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, ड्रम सीडर, कोनो वीडर, ट्रांसप्लांटर, ग्रेडर, ड्रायर तथा सेपरेटर के उपयोग, कार्यप्रणाली व उनके लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विद्यार्थियों ने बताया कि इन आधुनिक उपकरणों के प्रयोग से समय और श्रम की बचत होती है, लागत कम होती है तथा बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने ड्रोन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए पारंपरिक स्प्रेयर की तुलना में इसके लाभों को समझाया।

विद्यार्थियों ने किसानों को दिए तकनीकी सुझाव

उन्होंने बताया कि ड्रोन द्वारा दवाई का छिड़काव तेजी से, समान रूप से और सुरक्षित तरीके से किया जा सकता है, जिससे श्रमिकों के स्वास्थ्य जोखिम में भी कमी आती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने ड्रिप सिंचाई प्रणाली, बायोगैस प्लांट मॉडल तथा विभिन्न ग्रीनहाउस संरचनाओं का भी परिचय करवाया और समझाया कि कैसे ये तकनीकें जल संरक्षण, ऊर्जा बचत और फसल उत्पादन को बढ़ाने में सहायक हैं। इसके अतिरिक्त खेती के प्रत्येक चरण—भूमि तैयारी से लेकर कटाई, मड़ाई, सफाई व भंडारण तक—उपयुक्त कृषि यंत्रें की जानकारी पोस्टर के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने यह भी जानकारी दी कि सभी उन्नत कृषि यंत्रें का लाभ उठाने हेतु उपलब्ध सरकारी योजनाएँ, सब्सिडी सुविधाएँ एवं कस्टम हायरिंग सेंटर (सीएचसी) किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, जिनके माध्यम से कम लागत में मशीनें किराए पर लेकर कृषि कार्यों को सुगमता से किया जा सकता है। अंत में यह बताया गया कि यदि किसान इन आधुनिक यंत्रें व तकनीकों को अपनाते हैं, तो न केवल कृषि कार्यों की उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि लागत कम होगी, समय की बचत होगी और खेती अधिक लाभदायक बन सकेगी, जिससे उनका आर्थिक स्तर भी मजबूत होगा।इस कार्यक्रम मे सहायक प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र कुमार देवांगन और अतिथि शिक्षिका, डॉ. योगेश्वरी साहू भी उपस्थित थे।

अधूरी निर्माण के कारण लोगों को वैकल्पिक व्यवस्था से करना पड़ रहा अंतिम संस्कार

तौरेगा पंचायत में अधूरा मुक्तिधाम, ग्रामीणों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

विकासखंड छूरा के ग्राम पंचायत तौरेगा में मुक्तिधाम नहीं होने की वजह से लोगों को वैकल्पिक व्यवस्था कर अपने प्रिय जनों का दाह संस्कार करना पड़ता है आंखें और तब नम हो जाती है जब अपने अपनों को ऐसे वैकल्पिक व्यवस्था कर अंतिम संस्कार किया जाता है। बता दे की इस ग्राम पंचायत तौरेगा में पूर्व में मुक्तिधाम बनाने के लिए नींव रखी गई थी, पर अधूरा बन पाए और वर्तमान में फिर एक बार मुक्तिधाम बनाने के लिए नींव रखी गई है पर इस समय भी मुक्ति धाम बनकर तैयार नहीं हुआ है कई महीना से अधूरे पड़े मुक्तिधाम की वजह से लोगों को जमीन पर वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर यहां अंतिम संस्कार किया जा रहा है।बता दे कि ग्राम पंचायत में पदस्थ वर्तमान सचिव पिछले 12 साल से एक ही जगह पर जमे हुए हैं जिस वजह से यहां विकास कार्य मानो थम सा गया है तो वहीं पूर्व के सरपंचों ने भी वह दिलचस्पी नहीं दिखाई जिससे मुक्तिधाम जैसी जरूरी कार्य समय पर बनाया जा सके वर्तमान में रोजगार गारंटी के तहत यह लगभग 5 लाख के स्वीकृत पर कार्य लगभग 8 महीने से लंबित है ।

- स्थानीय सचिव और सरपंच की निष्क्रियता से विकास कार्य रुके, ग्रामीण मांग में सक्रिय

क्या कहते हैं अधिकारी

भुगतान नहीं होने की वजह से अटका हुआ है। बिल लगा है दो तीन बार पंचायत को नोटिस जारी किया गया है। बहुत जल्दी काम चालू कराएंगे।

-पीओ रमेश कंवर, जनपद पंचायत, छुरा

कलेक्ट्रेट गरियाबंद में शिकायत भी की गई थी शिकायत- अधिकारी दो से 3 बार आकर देखकर चले गए हैं पर निर्माण के बारे में अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहे हैं वर्तमान सरपंच भी वह दिलचस्पी नहीं दिखा पा रहे हैं। जो उसे नए जनप्रतिनिधि होने पर दिखानी चाहिए इन्हीं, बहुत सी कारणों की वजह से पूर्व में ग्रामीणों ने सचिव को यहां से हटाने की मांग की थी और कलेक्ट्रेट गरियाबंद में शिकायत भी की थी पर शिकायत के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हुई ना ही सचिव साहब बदले गए सचिव साहब को पंचायत के कार्यों में कोई दिलचस्पी नहीं है। इस कारण समय पर ना आना-जाना और मनमर्जी ड्यूटी करने की वजह से लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ भी सही नहीं मिल पा रहा है। तो वही आम जनता में व्यवहार पूर्ण बात नहीं करने की वजह से ग्राम पंचायत के ग्रामीण नाखुश है और शासन से मांग करते हैं कि सचिव साहब को यहां से हटा ने की मांग कर रहे हैं तथा मुक्तिधाम को जल्द ही समय पर बनाने की भी जनपद पंचायत से मांग की गई है ।

पेज 9 के शेष...

समर्थन मूल्य में...

चक्कर लगा रहे है, कि मक्का खरीदी कब से प्रारंभ होगी साथ ही खुन पसीने की मेहनत की कमाई मक्का को औने–पौने दामो पर बेचने के लिए मजबूर हो रहे है जिसके चलते परेशान किसानो ने उग्र आन्दोलन की चेतावनी दी है।

मक्का खरीदी प्रारंभ नही होने से परेशान किसान करेंगे आन्दोलन : सुकचंद ध्रुव- गरियाबंद जिले के सिर्फ मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में 11 हजार से भी अधिक हेक्टेयर में सैकड़ो किसानो के द्वारा भारी पैमाने पर मक्के की फसल हर वर्ष की भांति लिया गया है लेकिन अब तक समर्थन मुल्य मे खरीदी नही प्रारंभ होने से किसान मजबूरन 1500 से 1600 के बीच बेचने मजबूर हो रहे है। जनपद पंचायत मैनपुर के जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र के किसान संघ के अध्यक्ष अर्जुन सिंह नायक पूर्व सरपंच रूपसिंह मरकाम ने बताया कि अब तक मक्का खरीदी समर्थन मूल्य पर प्रारंभ नही हुआ है, जिसके कारण क्षेत्र के सैकडो किसान मक्का के उपज के औने पौने दाम पर व्यापारियों के पास बेचने के लिए मजबूर हो रहे है लगातार उच्च अधिकारियों से मक्का खरीदी प्रारंभ करने की मांग को लेकर आवेदन किया जा रहा है लेकिन हमारें इस गंभीर समस्या की ओर शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है,किसानो ने बताया मक्के की फसल को बहुत सहेज कर रखा और बारिश में काफी नुकशान हुआ खाद बीज महंगे हो गए है फसल जब कट कर तैयार हो गई है तो अभी तक समर्थन मुल्य में खरीदी प्रारंभ नही हुआ है जिसके करण कई किसान मजबूरन औने–पौने दाम पर मक्का बेचने मजबूर हो रहे है।

छुरा महादेव मंदिर...

संचालन किया जाये ।

इस मंदिर समिति ट्रस्ट के सर्वराकार के दायित्व में छुरा के समीप के गांव लोहझर निवासी स्व. गोकुल प्रसाद भारद्वाज थे, उनकी मृत्यु के बाद अब उनके पुत्र भानुराम भारद्वाज वर्तमान में सर्वराकार है। मान्यवर आज से करीब 30 से अधिक वर्ष पूर्व चित्रकुमारी देवी की मृत्यु उपरांत इस महादेव मंदिर समिति ट्रस्ट के आय-व्यय लेखा का कोई जानकारी ग्राम हरदी के लोगों को नहीं है, जिसस पर सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत वर्तमान सर्वराकार भानूराम भारद्वाज (ग्राम-लोहझर) से ट्रस्ट के गत पांच वर्षों की आय-व्यय की जानकारी मांगी गई जो आज तक अप्राप्त है।समस्त ग्रामवासियों का मांग है कि पुराने समिति को भंगकर गोवर्धनशरण महराज सिरकट्टी आश्रम पाण्डुका को सर्वराकार नियुक्त करने का कार्यवाही करने का कष्ट करेंगे, क्योंकि गोवर्धनशरण महराज का जन्मभूमि ग्राम-हरदी है।

खबर संक्षेप

बच्चों ने निकाली "उल्लास नवभारत, साक्षर भारत" रैली

मुड़ागांव(कोरासी)। संकुल केन्द्र जरगांव में हाईस्कूल माध्यमिक शाला तथा प्राथमिक शाला नवाडीह के बच्चों के द्वारा उल्लास नवभारत साक्षर भारत के तहत रैली निकाली गई। सभी बच्चों तथा शिक्षकों के साथ साक्षरता नारा लगाते हुए ग्राम के गली मुहल्लों में भ्रमण किया गया। ग्राम के असाक्षरों को उल्लास के केन्द्र में आकर परीक्षा में शामिल होने का संदेश नारों के माध्यम से दिया गया। कार्यक्रम के अन्त में बच्चों को अर्धवार्षिक परीक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य चेतनलाल साहू तथा संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव, प्रधानपाठक विश्वा सूर्यवंशी प्रधानपाठक कन्हैयालाल यादव, रामबती ध्रुव, पदमनी ध्रुव आदि उपस्थित थे।

दिव्यांग दिवस पर विद्यार्थियों का खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन

मुड़ागांव(कोरासी)। संकुल केन्द्र जरगांव के अन्तर्गत माध्यमिक शाला जरगांव के विद्यार्थी युवराज निषाद तथा कुलदीप यादव ने विश्व दिव्यांग दिवस पर जिला गरियाबंद में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शाला परिवार के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक कन्हैयालाल यादव, संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव, विश्वा सूर्यवंशी प्रधानपाठक, अविनाश वर्मा, खुमान, लिमेश साहू आदि उपस्थित थे।

क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड

नर्रा। क्षेत्र में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। लोग ठंड से बचने गर्म कपड़ों में स्वेटर, जैकेट, टोपी, शाल के अलावा पैर में मोजा और हाथ के लिए ग्लब्स दस्ताने आदि का उपयोग कर रहे है। ठंड के कारण शाम होते ही चौक-चौराहे व घरों पर लोग लकड़ी जलाकर अलाव तापते नजर आ रहे है। वहीं साढ़े सात आठ बजे ही सड़के व गली मोहल्ले वीरान सी हो जाती है।

निधन

धरम सिंह ठाकुर

मुड़ागांव(कोरासी)। ग्राम मड़ेली निवासी धरम सिंह ठाकुर का विगत दिवस आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ कर चले गए। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में नाथूराम (पुत्र) नरसिंह, मोहित,धरमू ठाकुर, फुलसिंह, पुरानिक, कमलेश ठाकुर, डिगेन्द्र, मांझी राम, देवीसिंह, आदि है।

राजू वर्मा

राजिम। ग्राम कुरुसकेरा निवासी राजू वर्मा उम्र 29 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में समाज, परिवार एवं गांव के लोग शामिल हुए।

सोनकुंवर ध्रुव

छुईहा बेलर। सोनकुंवर ध्रुव कौंदकेरा का निधन हो गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। गांव में शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी गई।

अभियान : विज्ञान केंद्र में इंटरएक्टिव प्रयोग और 3डी तारामंडल शो ने बच्चों को किया मंत्रमुग्ध

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के प्रारंभिक स्तर अंतर्गत गरियाबंद जिले के 100 विद्यार्थियों और 10 शिक्षकों का चयनित दल रायपुर विज्ञान केंद्र, आदिवासी संग्रहालय रायपुर और शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय के शैक्षणिक भ्रमण पर गया। यह भ्रमण राज्य परियोजना कार्यालय के आदेशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर और जिला मिशन समन्वयक शिवेश कुमार शुक्ला के निर्देशन में आयोजित किया गया। विज्ञान और गणित में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों का चयन कर यह यात्रा आयोजित की गई। दल का मार्गदर्शन एपीसी विल्सन पी. थॉमस ने किया।विज्ञान केंद्र रायपुर में वैज्ञानिक सोच का व्यावहारिक अनुभव, विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल और उपकरण को नजदीक से देखने व सीखने को मिला।

- आदिवासी और वीर नारायण सिंह संग्रहालय में सांस्कृतिक और देशभक्ति का प्रत्यक्ष अनुभव

छात्रों ने प्रकाश, ध्वनि, चुम्बकत्व, ऊर्जा, गति और मानव शरीर से जुड़े मॉडलों को देखा। इन सभी प्रदर्शनों ने बच्चों को यह समझने में मदद मिला कि विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं है। उन्होंने ऐसे इंटरएक्टिव उपकरणों पर प्रयोग किए जिनसे ऊर्जा संरक्षण, घूर्णन, अपवर्तन और गुरुत्वाकर्षण जैसे सिद्धांत साफ नजर आए। 3डी तारामंडल शो - तारामंडल छात्रों के लिए सबसे आकर्षक अनुभव रहा। 3डी शो में सौरमंडल, ग्रहों की संरचना, अंतरिक्ष की उत्पत्ति, उपग्रहों की भूमिका और नक्षत्रों का विस्तृत परिचय मिला। बच्चों ने अंतरिक्ष में यात्रा और तारों की गति पर कई प्रश्न पूछे। विज्ञान पार्क का अवलोकन- प्राकृतिक वातावरण में बने विज्ञान पार्क में बच्चों ने बड़े आकार के वैज्ञानिक मॉडलों पर हाथ आजमाया। यहां गति, ध्वनि, संतुलन और बल के सिद्धांतों को उन्होंने खेल की तरह समझा।

आदिवासी संग्रहालय रायपुर : संस्कृति और परंपरा की गहरी झलक, जनजातीय जीवन का जीवंत प्रदर्शन - छात्रों ने यहां विभिन्न जनजातियों के पारंपरिक घरों, सामुदायिक जीवन और दैनिक उपयोग की वस्तुओं को देखा। लकड़ी, मिट्टी और प्राकृतिक सामग्री से बने मॉडलों ने बच्चों को बताया कि जनजातीय जीवन प्रकृति से जुड़ा होता है। लोक कला और वेशभूषा - संग्रहालय में प्रदर्शित पारंपरिक आभूषण, वेशभूषा, मुखौटे, चित्रकला और हस्तशिल्प ने विद्यार्थियों में जिज्ञासा बढ़ाई। उन्होंने जाना कि छत्तीसगढ़ की जनजातियां त्योहारों, संगीत, नृत्य और परंपराओं से कैसे अपने सामाजिक जीवन को आगे बढ़ाती हैं। पारंपरिक वाद्ययंत्र और सामाजिक संरचना - वाद्ययंत्रों, नृत्यशैलियों और रीति-रिवाजों की जानकारी ने छात्रों को सांस्कृतिक विविधता का मूल्य समझाया। बच्चों ने जाना कि जनजातीय संस्कृति में सामूहिकता और प्रकृति संरक्षण को खास महत्व दिया जाता है। शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय रायपुरः इतिहास, स्वतंत्रता और विरासत का अध्ययन भ्रमण का अगला प्रमुख पड़ाव शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय रहा। यह संग्रहालय छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी वीर नारायण सिंह के जीवन, संघर्ष और बलिदान को समर्पित है। यहाँ विद्यार्थियों को इतिहास और देशभक्ति से जुड़े अनेक तथ्य जानने का अवसर मिला।

बालकों के लिए प्रेरणादायक भ्रमण

छात्रों ने संग्रहालय में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े प्रसंगों को देखकर साहस, त्याग और नेतृत्व के महत्व को समझा। देशभक्ति और इतिहास के प्रति रुचि और बढ़ी। विद्यार्थियों की सीख और प्रतिक्रियाएँ- पूरे भ्रमण में बच्चों ने वैज्ञानिक उपकरणों पर प्रयोग किए, सांस्कृतिक विरासत को समझा और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े तथ्यों को जाना। उन्होंने बताया कि यह यात्रा उनके लिए यादगार रही क्योंकि उन्हें तीन अलग-अलग क्षेत्रों विज्ञान, संस्कृति और इतिहास का प्रत्यक्ष अनुभव मिला। शिक्षकों ने भी कहा कि इस तरह के भ्रमण छात्रों की जिज्ञासा, अवलोकन क्षमता और सीखने की गति को बढ़ाते हैं।

जिला शिक्षा विभाग की पहल

जिला शिक्षा विभाग ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए उपयोगी हैं। आगे भी विज्ञान, इतिहास और संस्कृति से जुड़े भ्रमणों को जारी रखा जाएगा ताकि छात्र वास्तविक अनुभवों से सीखते रहें। पीएमयू टीम से टाकेश्वरी साहू, देवेंद्र सिंह आसनी, चंद्रहास साहू, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान नोडल अर्जुन धनंजय सिन्हा, सिम्मी विल्सन, दीपा वर्मा, सुदामा प्रसाद लोधी, लीलाकांत यदु, दिलीप भारती, लेखराम वर्मा, रंजू भोई, सुनील मेहर, रामेश्वरी ध्रुव, द्रोण कुमार साहू, छगन दीवान, नेतराम साहू, हेमलता जोशी के साथ जिले के बाल वैज्ञानिको ने शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लिया।

स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित दुर्लभ सामग्री देखी

बाल वैज्ञानिको ने वीर नारायण सिंह द्वारा चलाए गए विद्रोह, अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष और उनके नेतृत्व की ऐतिहासिक घटनाओं को प्रदर्शित सामग्री के माध्यम से समझा। संग्रहालय में संरक्षित पांडुलिपियाँ, ऐतिहासिक दस्तावेज, तस्वीरें और उनके समय की वस्तुओं ने बच्चों को उस दौर की परिस्थितियों से परिचित कराया। छत्तीसगढ़ की सामाजिक-ऐतिहासिक पृष्ठभूमि संग्रहालय में छत्तीसगढ़ की सामाजिक संरचना, प्राचीन जीवनशैली, कृषि पद्धतियों और जनआंदोलनों से संबंधित प्रदर्शनों ने छात्रों की समझ को और व्यापक बनाया। उन्होंने जाना कि कैसे वीर नारायण सिंह ने किसानों, आम जनता और स्थानीय समुदायों को संगठित कर अंग्रेजी शासन का विरोध किया।

परसदा में सतनाम संदेश यात्रा का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम परसदा में रविवार को सतनाम संदेश यात्रा रथ पहुंचा जो लगातार 4 वर्ष से पूरे क्षेत्र में बाबा गुरु घासीदास के मनखे-मनखे एक समान एवं सदविचार सदभावना को बतला रहे हैं। मुख्य रूप से सतनामी समाज परिक्षेत्र के अध्यक्ष जितेंद्र बंजारे,खेमराज कोसले, बसंत कोसले, दुलारी चतुर्वेदानी एवं समाज के प्रमुखजन शामिल है। परसदा में सतनामी समाज के अध्यक्ष संतराम बारले, उपाध्यक्ष देवेंद्र महिलांग, रामजी खिलवारे,धर्मचंद महिलांग एवं समाज के सभी पदाधिकारियो ने स्वागत सत्कार के लिए गुरु घासीदास चौक में उपस्थित हुए जिसमें गांव के सरपंच रमेश वर्मा, टीकू यादव, पप्पू साहू, ओमकार यादव, जानवी, गिरजा यादव सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

प्राचार्य का हुआ स्वागत

नवापारा-भेण्डरी। शा.हायर सेकेंडरी के प्राचार्य ज्योति बघेल का भेण्डरी के जनप्रतिनिधि और विद्यालय के शिक्षको ने स्वागत किया। स्वागत करने एवं बधाई देने वालो में पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन ,सरपंच राजेश्वरी-आनंद पटेल ,जनपद सदस्य विनीता साहू, पूर्व सरपंच माणसमणी देवांगन,, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद ध्रुव सहित अनेको लोग शामिल है।

उप पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन का राजिम में हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम के बासीन गांव के रहने वाले ब्राम्हण समाज के युवा हर्षवर्धन शर्मा का रविवार को विप्र भवन में प्रतीक चिन्ह शॉल श्रीफल भेंटकर विप्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,राजिम ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, सुअंजना उपाध्याय, सीमा शर्मा,प्रसन्न शर्मा,अजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। मालूम हो कि पीएससी के 2024 की परीक्षा में हर्षवर्धन को 34वां रैंक मिला है। वे महासमुंद में पदस्थ सब इंस्पेक्टर विनोद शर्मा के बेटे है। राजिम में सम्मानित होने के अवसर पर उनके माता-पिता और बहन भी यहां पहुंचे थे। पिता विनोद शर्मा जो सब इंस्पेक्टर है अपने बेटे के उप पुलिस अधीक्षक बनने पर काफी प्रफुल्लित है। सम्मान के दौरान हर्षवर्धन ने उपस्थित ब्राम्हण समाज के युवाओं से कहा कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिलोजान से जुटना पड़ता है और वैसे ही लगन से पढ़ाई करना पड़ता है तभी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। कहा कि दुनिया में पढ़ाई ही सार है। इसलिए पढाई के प्रति पूरी तरह से ध्यान लगाएं। कहा कि वे एक कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर के रूप में देश की सेवा करेंगे।

खट्टा में हरिहर सिंह ध्रुव की पुण्यतिथि आज

पटेवा। क्षेत्र के सुप्रसिद्ध चिकित्सा एवं समाजवादी नेता गरीबों के मसीहा डॉक्टर हरिहर सिंह ध्रुव की 56वीं पुण्यतिथि उनके गृह ग्राम खट्टा में 8 दिसंबर को मनाई जाएगी। इस विशाल आम सभा में आसपास क्षेत्र के हजारों लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर सिंहा, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष हेतराम साहू होंगे। विशेष अतिथि विधायक संपत अग्रवाल, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, पूर्व विधायक विनोद सेवन चंद्राकर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच राजकमल पटेल और अति विशिष्ट तिथि जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान होगी।

छात्रों ने प्रदर्शन किया मार्च-पास्ट, पी.टी. परेड और रंगारंग खेल गतिविधियों में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना और राज गीत आर पा पैरी के धार के साथ हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष तोकेश्वरी माझी, उपाध्यक्ष बलराज पटेल, विशिष्ट समाजसेवी शीतल ध्रुव, पुनित राम ठाकुर तथा वरिष्ठ पत्रकार यशवंत यादव मंचासीन रहे। अतिथियों ने विद्यालय द्वारा खेल और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। पहले दिन छात्रों द्वारा मार्च-पास्ट, पी.टी. परेड व रंगारंग खेल गतिविधियों का शानदार प्रदर्शन किया गया। विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने दौड़, रस्साकशी, लंबी कूद, गेंद-फेंक, कबड्डी ,खो खो , क्रिकेट, वॉलीबॉल,बैडमिंटन सहित अनेक प्रतिस्पर्धात्मक खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मैदान में बच्चों का जोश देखते ही बनता था। अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और अपने बच्चों का उत्साहवर्धन करते नजर आए। दूसरे दिन फाइनल मुकाबलों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने नृत्य, समूहगीत और देशभक्ति प्रस्तुतियों से वातावरण को ऊर्जा से भर दिया। प्रतियोगिताओं के समापन पर अतिथियों ने विजेता विद्यार्थियों को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए। मुख्य अतिथि माझी ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास का विकास करते हैं।

- सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल संपन्न
- फाइनल मुकाबले और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को बनाया उत्साहवर्धक

खेल महोत्सव विद्यार्थियों के लिए रहा उत्साहवर्धक

इसी प्रकार विद्यालय के प्रबंधक जार्ज जेकब ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों,संस्था के प्राचार्या बिंदु जार्ज जेकब, शैक्षणिक निर्देशक सुमंत आचार्य प्रबंधक आशीष जेकब शिक्षक शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। दो दिवसीय यह खेल महोत्सव विद्यार्थियों के लिए उत्साह, प्रेरणा और आनंद की यादगार क्षणों से भरपूर रहा।

लोहरसी में चल रहे भागवत कथा के दौरान विभिन्न प्रसंगों पर की चर्चा

प्रेम से बढ़कर दुनिया में और कुछ नहीं है: पं. रामकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

लोहरसी गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रोतागण पहुंचकर कथा रस का पान कर रहे हैं। रविवार को व्यासपीठ से भागवताचार्य पंडित रामकुमार शर्मा ने बताया कि इस दुनिया में प्रेम से बड़ा और कुछ नहीं है। कृष्ण मथुरा जाने लगे तब गोपिया उनके रास्ते पर ही खड़े होकर उन्हें रोकने लगी। नंद बाबा ने उन्हें विश्वास दिलाया कि तीन दिनों बाद वापस आ जाएंगे। तब श्री कृष्णा मथुरा चले गए, यह वही मथुरा है जहां कंस यदुकुल के राजा था जिसकी राजधानी मथुरा थी वह भगवान श्री कृष्ण की मां देवकी का भाई है।

कंस को प्रारंभिक स्त्रोतों में मानव और पुराणों में एक राक्षस के रूप में वर्णित किया गया है। कंस का जन्म राजा उग्रसेन और रानी पद्मावती के यहां हुआ था। उन्होंने बाणासुर और नरकासुर की सलाह पर अपने पिता को अपदस्थ किया और मथुरा के राजा के रूप में खुद को स्थापित किया। कंस ने मगध के राजा जरासंध की बेटियां अस्ति और प्राप्ति से शादी किया था। बहन देवकी की विवाह के उपरांत उन्हें रथ में बिठाकर विदा कर रहे थे उसी समय आकाशवाणी हुई कि देवकी का आठवां पुत्र उनके मृत्यु का कारण बनेगा इसलिए उसने देवकी और उनके पति वासुदेव को कारागार में डाल दिया था। कंस ने माता देवकी के 6 पुत्रों को मार डाला। बलराम इनकी सातवीं संतान थे आठवें पुत्र भगवान विष्णु के अवतार कृष्ण को गोकुल ले जाया गया, जहां उन्होंने गोकुल में यदुकुल के मुखिया व वासुदेव के भाई नंद बाबा की देखभाल में पाला गया था। कंस ने कृष्ण को मारने के लिए कई असुरों को भेजा, जिनमें से सभी का कृष्ण द्वारा वध कर दिया गया। अंत में कृष्ण अक्रूर के साथ मथुरा पहुंचते हैं। वहां अपने पहलवान चाणूर और मस्टिक से मल्ल युद्ध करने के लिए कहते हैं। श्री कृष्ण ने जानवर और बलराम ने मस्टिक को अपने धाम बैकुंठ पहुंचाया। पश्चात श्री कृष्ण ने कंस को उसके सिंहासन से केश पड़कर उसे घसीटा और भूमि पर गिरते ही उनके हृदय पर जोरदार मुक्का मारकर उनके प्राण ले लिए। इस तरह से कंस का वध हो गया। अपने माता-पिता को कारागार से मुक्त कराया। इस समय श्री कृष्ण की आयु 14 से 16 वर्ष की थी।

पर्यावरण को बचाने पेड़ लगाने की जरूरत

प्रसंग के दौरान यह भी बताया गया कि हमारी सुरक्षा के लिए पर्यावरण की सुरक्षा अत्यंत जरूरी है मनुष्य जीवन में विभिन्न प्रकार के संस्कार होते हैं प्रत्येक संस्कार पर एक पौधा लगाएं और उस पौधे को पेड़ बनने तक उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लें। इससे पर्यावरण की सुरक्षा बनी रहेगी। उन्होंने यहां भी कहा कि धार्मिक कार्यक्रम से अनुशासन आती है। मौके पर माखन प्रसाद तिवारी, माया देवी तिवारी, पुष्कर तिवारी, बालमुकुंद तिवारी, नित्यानंद तिवारी, लक्ष्मी नारायण, भावेश तिवारी, किरण तिवारी, डीगेश्वर शर्मा, सोहन वर्मा, धर्मेंद्र सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे। बताना होगा कि यह कार्यक्रम प्रसिद्ध भागवताचार्य पंडित देवेंद्र तिवारी के प्रथम पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित किया जा रहा है इसलिए पूरे प्रदेश भर से उनके शिष्य भी पहुंचे हुए थे। 10 दिसंबर को गीता एवं पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन होगा।